nt>

Title: Need to release a commemorative postal stamp in honour of Late Shri Rajnarayan on the occasion of his death anniversary.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से कहना चाहता हूँ कि प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी आंदोलन के पुरोधा, आपातकाल के नायक तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय राजनारायण जी की स्मृति में अभी तक कोई डाक टिकट जारी न किया जाना केन्द्र की पिछली सरकारों की भेदभावपूर्ण नीति का परिचायक है। जहां कई ऐसे व्यक्तियों के नाम पर स्मारक और डाक टिकट जारी किये जा चुके हैं जिनका देश की आज़ादी और इसके पुनर्निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा, वहीं स्वर्गीय राजनारायण जैसे देशभक्त तथा दलितों, गरीबों, अल्पसंख्यकों और शोाति, पीड़ित जनता के लिए जीवनपर्यन्त संघा्र करने वाले राजनारायण जी के व्यक्तित्व की अनदेखी की गई है। इस संबंध में मैंने निवर्तमान संचार मंत्री से कई बार पत्र-व्यवहार किया, परंतु खेद है कि वह हर बार भ्रामक जवाब देते रहे और इस मामले में सकारात्मक कदम बढ़ाने की कोशिश नहीं की गई। मैं सम्माननीय सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि वह स्वर्गीय राजनारायण जी की पुण्य तिथि 31 दिसम्बर के अवसर पर स्मारक और डाक टिकट जारी करने की घोाणा करे।